नाम: _____ अनुक्रमांक: _____

वार्षिक परीक्षा, 2026
गृह विज्ञान
कक्षा — 9

समय : 3 घण्टे 15 मिनट **पूर्णांक : 70**

निर्देश—

(i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

(ii) प्रश्न-पत्र दो खण्डों में विभाजित है—खण्ड-'अ' एवं खण्ड-'ब'।

(iii) खण्ड-'अ' में 20 अंक के बहुविकल्पीय प्रश्न हैं।

(iv) खण्ड-'ब' में 50 अंक के वर्णनात्मक प्रश्न हैं, जिनमें अति लघु उत्तरीय, लघु उत्तरीय तथा दीर्घ उत्तरीय—तीन प्रकार के प्रश्न हैं। जिनके अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

खण्ड-'अ'
(बहुविकल्पीय प्रश्न)

नोट—निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशानुसार OMR आन्सर शीट पर अंकित कीजिए—

1. आजकल अधिकांश परिवार होते हैं— 1

(A) संयुक्त (C) मिश्रित

(B) एकाकी (D) इनमें से सभी

2. कार्य-व्यवस्था का महत्वपूर्ण साधन है— 1

(A) मुद्रा (C) समय

(B) बचत (D) गृहकार्य

3. भोजन द्वारा शरीर की किन आवश्यकताओं की पूर्ति होती है ? 1

(A) शारीरिक वृद्धि (C) स्वास्थ्य संरक्षण

(B) ऊर्जा की उत्पत्ति (D) इनमें से सभी

4. बाल रक्षा केन्द्र का संचालन करती है— 1

(A) राज्य सरकार (C) केन्द्र सरकार व नगरपालिका

(B) केन्द्र सरकार (D) जिला प्रशासन

5. संवातन का प्राकृतिक साधन है— 1

(A) चूषण (C) पंखा

(B) एयर कूलर (D) वातानुकूलन

6. पर्यावरण को प्रदूषित करने वाले पदार्थ कहलाते हैं— 1

(A) व्यर्थ पदार्थ (C) मिलावटी पदार्थ

(B) विष (D) प्रदूषक

7. ऊन कौन-सा तन्तु है ? 1

(A) जैविक (C) रासायनिक

(B) कृत्रिम (D) खनिज

8. गर्मी के मौसम में किस प्रकार के वस्त्र पहनने चाहिए ? 1

(A) काले (C) गहरे

(B) हल्के (D) इनमें से सभी

9. दूध को जमाने का कार्य कौन-सा एन्जाइम करता है ? 1

(A) रेनिन (C) फॉस्फेट
(B) लाइपेज (D) सोडियम

10. वसा का प्रकार नहीं है— 1

(A) वनस्पति घी (C) लार्ड
(B) मक्खन (D) दूध

11. विटामिन 'ए' सर्वाधिक पाया जाता है— 1

(A) गाजर में (C) आलू में
(B) मूली में (D) नींबू में

12. एक ग्राम वसा में कितनी कैलोरी ऊर्जा होती है ? 1

(A) 3.1 कैलोरी (C) 6.1 कैलोरी
(B) 4.1 कैलोरी (D) 9.0 कैलोरी

13. आकस्मिक घटना के समय प्राथमिक चिकित्सा दी जाती है— 1

(A) अल्पकालीन (C) तत्काल
(B) दीर्घकालीन (D) निरूद्देश्य

14. कृत्रिम श्वसन कब दी जाती है ? 1

(A) सिर दर्द में (C) दम घुटने पर
(B) उल्टी होने पर (D) पेट दर्द में

15. कच्चे आम का पना बनाकर दिया जाता है— 1

(A) बिच्छू के काटने पर (C) गम्भीर चोट लगने पर

(B) लू लगने पर (D) बुखार आने पर

16. किस रोग में अमृतधारा औषधि दी जाती है ? 1

(A) वमन व दस्त (C) गैस

(B) मलेरिया (D) लू लगना

17. मुलहठी है— 1

(A) विष (C) मलेरिया ज्वर की दवा

(B) खाँसी की दवा (D) दस्त की दवा

18. गृह-व्यवस्था का सार्वजनिक साधन है— 1

(A) कूलर (C) मकान

(B) बीमा-कार्यालय (D) इनमें से कोई नहीं

19. परिचारिका की अच्छी होनी चाहिए— 1

(A) स्मरण शक्ति (C) वाक् शक्ति

(B) चिकित्सा (D) इनमें से कोई नहीं

20. रोगी के बिस्तर की चादर कब बदलनी चाहिए ? 1

(A) प्रतिदिन (C) तीसरे दिन

(B) दूसरे दिन (D) चौथे दिन

खण्ड-'ब'
(वर्णनात्मक प्रश्न)

निर्देश—प्रश्न संख्या 21 से 26 तक अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनके उत्तर अधिकतम 25 शब्दों में दीजिए—

UPBoardHub

21. बचत की परिभाषा लिखिए। 2

22. वृक्षारोपण क्यों आवश्यक है ? 2

23. चावल में सबसे अधिक कौन-सा पोषक तत्व पाया जाता है ? 2

24. कृत्रिम श्वसन कब दी जाती है ? 2

25. (अति लघु उत्तरीय प्रश्न 25) 2

26. (अति लघु उत्तरीय प्रश्न 26) 2

निर्देश—प्रश्न संख्या 27 से 31 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनके उत्तर अधिकतम 50 शब्दों में दीजिए—

27. कार्य-व्यवस्था को प्रभावित करने वाले कारकों की सूची बनाइए। 4

अथवा

मितव्ययिता के सिद्धान्त से क्या अभिप्राय है ?

28. स्नान करने से क्या लाभ हैं ? 4

अथवा

संवातन के सिद्धान्त लिखिए।

29. दूषित जल से कौन-कौन से रोग हो जाते हैं ? 4

अथवा

किन्हीं चार संक्रामक रोगों के नाम लिखिए।

30. किन्हीं दो प्रोटीन तन्तुओं के नाम लिखिए। 4

अथवा

अवसरानुकूल वस्त्र का क्या आशय है ?

31. पेय पदार्थों के नाम लिखिए तथा बताइए कि चाय का कौन-सा तत्व पाचन क्रिया को प्रभावित करता है ? 4

अथवा

शरीर में कैल्सियम का क्या उपयोग है ?

निर्देश—प्रश्न संख्या 32 से 34 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनके उत्तर अधिकतम 100 शब्दों में दीजिए—

32. सन्तुलित भोजन को प्रभावित करने वाले तत्व कौन-कौन से हैं ? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए। 6

अथवा

ऑक्सीजन मनुष्य के लिए क्यों उपयोगी है ? विस्तार से लिखिए।

33. वायु अशुद्ध किस प्रकार होती है ? अशुद्ध वायु स्वास्थ्य पर क्या प्रभाव डालती है ? 6

अथवा

जल प्रदूषण के कारण तथा जन-जीवन पर इसके प्रभाव का वर्णन कीजिए।

34. कुपोषण का क्या अर्थ है ? इसके कारण बताइए। स्वास्थ्य पर इसका क्या प्रभाव पड़ता है ? 6

आप UPBoardHub पर अपने Recent पेपर को भेज कर 10₹-20₹ प्रति पेपर Rewad Pa Skte h